मेट्रो ३ परियोजना

# ४.४ किमी की टनल टनाटन!

**सामना संवाददाता / मुंबई**

मेट्रो ३ परियोजना कार्य के तहत पैकेज ६ के तहत सहार रोड से लेकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक कुल डेढ़ किलोमीटर टनल खुदाई कार्य करते हुए ३६वें चरण का कार्य मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। इस दौरान कोच्चि मेट्रो रेल के व्यवस्थापकीय संचालक अल्केश शर्मा उपस्थित थे। तापी-१ और तापी-२ इन दो टनल बोरिग मशीन्स (टीबीएम) की मदद से पैकेज-६ के तहत कुल ४.४ किमी की टनल खुदाई कार्य पूर्ण किया गया है।

## यात्रियों को आसानी होगी

बता दें कि मेट्रो-३ मार्ग के तहत पैकेज- ६ के तहत टनल खुदाई कार्य का महत्वपूर्ण ३६ वां चरण मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। इस पैकेज के तहत दो स्टेशन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मौजूद है। दोनों मेट्रो स्टेशनों को हवाई अड्डे से जोड़ा जाना तय है। इस योजना के तहत यात्रियों को हवाई अड्डे तक जाने में आसानी होगी उक्त जानकारी मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के व्यवस्थापकीय संचालक रणजीत सिंह देओल ने दी है।

## मेट्रो स्टेशन का ७६.४ प्रतिशत कार्य पूर्ण

टीबीएम तापी-१ और २ की मदद से १५ महीनों में टनल खुदाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वहीं मेट्रो स्टेशनों का कार्य ७४.४ प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उक्त जानकारी मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन संचालक एस.के. गुप्त द्वारा दिया गया है।